**BHARTIYA SHIKSHA BOARD**

**SAMPLE PAPER**

**SOCIAL SCIENCE (**038)

**CLASS X (**2026-27)

**Time :** 3 **Hours** **Maximum Marks:** 80

**General Instructions:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | The question paper comprises Six Sections – A, B, C, D, E and F. There are 37 questions in the Question paper. All questions are compulsory. | 1. | यह प्रश्न पत्र छ: खंडों में विभाजित किया गया है – खंड –क, खंड –ख, खंड–ग, खंड–घ, खंड–ङ, और खंड-च। इस प्रश्न पत्र में कुल 37 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। |
| 2. | Section A – From questions 1 to 20 are MCQs of 1 mark each. | 2. | खंड-क में, प्रश्न संख्या 1 से 20 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। |
| 3. | Section B – Question no. 21 to 24 are Very Short Answer Type Questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 40 words. | 3. | खंड-ख में, प्रश्न संख्या 21 से 24 तक अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| 4. | Section C– Question no. 25 to 29 are Short Answer Type Questions, carrying 3 marks each. Answer to each question should not exceed 60 words. | 4. | खंड-ग में, प्रश्न संख्या 25 से 29 तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| 5. | Section D – Question no. 30 to 33 are long answer type questions, carrying 5 marks each. Answer to each question should not exceed 120 words. | 5. | खंड-घ में, प्रश्न संख्या 30 से 33 तक दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| 6. | Section-E - Questions no from 34 to 36 are case based questions with three sub questions and are of 4 marks each. Answer to each question should not exceed 100 words. | 6. | खंड-ङ में, प्रश्न संख्या 34 से 36 तक केस-आधारित प्रश्न हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| 7. | Section F – Question no. 37 is map based, carrying 5 marks with two parts, 37 (I) from History (2 marks) and 37 (II) from Geography (3marks). | 7. | खंड-च में, प्रश्न संख्या 37 मानचित्र कौशल पर आधारित है। यह प्रश्न 5 अंक का है जो इतिहास से भाग (A) (2 अंक) तथा भूगोल से भाग (B) (3 अंक) से संबंधित है। |
| 8. | There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted. | 8. | प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए। |

| Section-A (Multiple Choice Questions) (20x1=20) | | |
|---|---|---|
| 1. | Zollverin started in 1834 in Prussia refers to a ................<br><br>(a) Trade Union (b) Public Union<br>(c) Workers Union (d) Custom Union<br><br>1834 में एशिया में जोलवेरिन की शुरुआत की थी जो ................ को संदर्भित करता है।<br>(क) श्रमिक संघ (ख) सार्वजनिक संघ<br>(ग) मजदूर संघ (घ) सीमा शुल्क संघ | 1 |
| 2. | **Assertion (A):** Reserved forests owned by the government in which all the activities are prohibited.<br>**Reason (R):** Unclassified forests and wastelands are mostly managed by private communities and individuals.<br>(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.<br>(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.<br>(c) A is true but R is false.<br>(d) A is false but R is true.<br><br>**अभिकथन (A):** सरकार के स्वामित्व वाले आरक्षित वन जिनमें सभी गतिविधियाँ प्रतिबंधित हैं।<br>**कारण (R):** अवर्गीकृत वन और बंजर भूमि का प्रबंधन ज्यादातर निजी समुदायों और व्यक्तियों द्वारा किया जाता है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण हैं।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं हैं।<br>(ग) A सत्य हैं, लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है, लेकिन R सत्य है। | 1 |
| 3. | Which is the basic industry on which all other industries depend?<br>(a) Cotton textile (b) Cement industry<br>(c) Iron and steel industry (d) Agro based industry<br><br>वह मूल उद्योग कौन-सा है, जिस पर अन्य सभी उद्योग निर्भर है?<br>(क) सूती कपड़ा (ख) सीमेंट उद्योग<br>(ग) लोहा और इस्पात उद्योग (घ) कृषि आधारित उद्योग | 1 |
| 4. | Arrange the following in the correct sequence:<br>(i) Khilafat Movement<br>(ii) First world War<br>(iii) Civil Disobedience Movement<br>(iv) Non-Cooperation Movement<br>Options :<br>(a) (ii),(i),(iv),(iii) (b) (ii),(iii),(iv),(i)<br>(c) (i),(ii),(iv),(iii) (d) (ii),(iv),(i),(iii) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित करें:<br>(i) खिलाफत आंदोलन<br>(ii) प्रथम विश्व युद्ध<br>(iii) सविनय अवज्ञा आंदोलन<br>(iv) असहयोग आंदोलन<br>विकल्प:<br>(क) (ii), (i), (iv), (iii)     (ख) (ii), (iii), (iv), (i)<br>(ग) (i), (ii), (iv), (iii)     (घ) (ii), (iv), (i), (iii) | |
| 5. | **Assertion (A):** The distrust between Sinhala and Tamil communities turned into widespread conflict in Sri Lanka.<br>**Reason (R):** 1956 Act recognised Sinhala as the only official language.<br>(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.<br>(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.<br>(c) A is true but R is false.<br>(d) A is false but R is true.<br><br>**अभिकथन (A):** सिंहली और तमिल समुदायों के बीच अविश्वास श्रीलंका में व्यापक संघर्ष में बदल गया।<br>**कारण (R):** 1956 अधिनियम ने सिंहली को एकमात्र अधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण हैं।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं हैं।<br>(ग) A सत्य हैं, लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है, लेकिन R सत्य है। | 1 |
| 6. | In which year was a major step towards decentralization taken?<br>(a) 2004     (b) 1992<br>(c) 1990     (d) 1991<br><br>विकेंद्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम किस वर्ष उठाया गया था?<br>(क) 2004     (ख) 1992<br>(ग) 1990     (घ) 1991 | 1 |
| 7. | See the given picture carefully and answer the question below given:<br><br>(a) It shows the coalition government     (b) It shows the Ruling Party<br>(c) It shows the Majoritarianism     (d) It shows the Secularism | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **दिए गए चित्र को ध्यान से देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें:**<br><br>(क) यह गठबंधन सरकार को दर्शाता है। (ख) यह सत्तारूढ़ पार्टी को दर्शाता है।<br>(ग) यह बहुसंख्यकवाद को दर्शाता है। (घ) यह धर्मनिरपेक्षता को दर्शाता है। | |
| 8. | Read the statement carefully and answer that follows:<br>Kanta works in an office. Her working hours are fixed. She gets her salary regularly at the end of the month. She also gets allowances, paid leaves as per the rules laid down by the government. In which sector does she work:<br>(a) Primary Sector (b) Unorganized Sector<br>(c) Tertiary Sector (d) Organized Sector<br><br>कथन को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित उत्तर दें:<br>कांता एक कार्यालय में काम करती है। उसके काम के घंटे तय हैं। उसे महीने के अंत में नियमित रूप से वेतन मिलता है। उसे सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार भत्ते संवेतन अवकाश भी मिलते हैं। वह किस क्षेत्र में काम करती हैं।<br>(क) प्राथमिक क्षेत्र (ख) असंगठित क्षेत्र<br>(ग) तृतीयक क्षेत्र (घ) संगठित क्षेत्र | 1 |
| 9. | The resolution of Purna Swaraj was adopted at which congress session?<br>(a) Karachi (b) Nagpur<br>(c) Lahore (d) Calcutta<br><br>पूर्व स्वराज का प्रस्ताव किस कांग्रेस अधिवेशन में अपनाया गया था?<br>(क) कंराची (ख) नागपुर<br>(ग) लाहौर (घ) कलकत्ता | 1 |
| 10. | Which of the following is a major reason which prevents the poor from getting bank loans?<br>(a) Absence of collateral (b) Non repayment of loans<br>(c) Higher interest rates (d) Documentation<br><br>निम्न में से कौन-सा प्रमुख कारण है जो गरीबों को बैंक ऋण प्राप्त करने से रोकता है:<br><br>(क) संपार्श्विक का अभाव (ख) ऋण का पुनर्भुगतान न करना<br>(ग) उच्च ब्याज दरें (घ) दस्तावेजीकरण | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | Studies on political and social inequalities in democracy shows that:<br><br>(a) Dictatorship is better than democracy.<br>(b) Inequalities exist in democracies.<br>(c) Equality and development exist in democracy.<br>(d) None of the above<br><br>लोकतंत्र में राजनीतिक और सामाजिक असमानताओं पर किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि:<br>(क) तानाशाही लोकतंत्र से बेहतर है।<br>(ख) लोकतंत्र में असमानताएँ होती हैं।<br>(ग) लोकतंत्र में समानता और विकास होता है।<br>(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं। | 1 |
| 12. | Which of these statements is not a valid reason for the depletion of flora and fauna?<br>(a) Agricultural expansion<br>(b) Grazing and fuelwood collection<br>(c) Large scale development projects<br>(d) Rapid industrialization and urbanization<br><br>इनमें से कौन-सा कथन वनस्पतियों और जीवों की कमी का वैध कारण नहीं है।<br>(क) कृषि विस्तार<br>(ख) चुराई और ईंधन की लकड़ी संग्रह<br>(ग) बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाएँ<br>(घ) तेजी से औद्योगीकरण और शहरीकरण | 1 |
| 13. | Cotton is a .......... product and cloth is a .......... product.<br>(a) natural/manufactured (b) organized/unorganized<br>(c) large/small (d) public/private<br><br>कपास एक ........... उत्पाद है और कपड़ा एक ........... उत्पाद है।<br><br>(क) प्राकृतिक/निर्मित (ख) संगठित/असंगठित<br>(ग) बड़ा/छोटा (घ) सार्वजनिक/निजी | 1 |
| 14. | Globalization will result in .................<br>(a) More competition among producers<br>(b) Less competition among producers<br>(c) No change in competition among producers<br>(d) None of these<br><br>वैश्वीकरण के परिणाम स्वरूप ...........<br>(क) उत्पाद के बीच अधिक प्रतिस्पर्धा होगी<br>(ख) उत्पादकों के बीच कम प्रतिस्पर्धा होगी<br>(ग) उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा में कोई बदलाव नहीं होगा<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | In which year the Vernacular Press Act was passed by lord Lytton?<br>(a) 1876 (b) 1878<br>(c) 1880 (d) 1921<br><br>लार्ड लिटन द्वारा वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट किस वर्ष पारित किया गया था?<br>(क) 1876 (ख) 1878<br>(ग) 1880 (घ) 1921 | 1 |
| 16. | State whether True or False:<br>Horizontal distribution of power results in a balance of among various organs.<br><br>बताएँ कि सत्य है या असत्य:<br>शक्ति का क्षैतिज वितरण विभिन्न संस्थाओं के बीच संतुलन स्थापित करता है। ........... | 1 |
| 17. | "Religion can never be separated from politics" said by ..........<br>(a) Dr. B.R. Ambedkar (b) G.K. Gokhale<br>(c) Mahatma Gandhi (d) Swami Vivekananda<br><br>"धर्म को राजनीति से कभी अलग नहीं किया जा सकता" यह कथन ........... ने कहा था।<br>(क) डॉ बी.आर. अंबेडकर (ख) जी.के. गोखले<br>(ग) महात्मा गांधी (घ) स्वामी विवेकानंद | 1 |
| 18. | Choose the correct option in the context of globalisation.<br>(a) It is the only way for economic development of the country.<br>(b) Interlinks only production-based activities in different regions of the world.<br>(c) It has always given positive results in all the countries.<br>(d) Leads to spread of technology, culture and diseases from one region to another.<br><br>वैश्वीकरण के संदर्भ में सही विकल्प चुनें।<br>(क) यह देश के आर्थिक विकास का एकमात्र तरीका है।<br>(ख) यह दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में केवल उत्पादन आधारित गतिविधियों को आपस में जोड़ता है।<br>(ग) इसने हमेशा सभी देशों में सकारात्मक परिणाम दिए हैं।<br>(घ) यह एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रौद्योगिकी संस्कृति और बीमारियों के प्रसार को बढ़ावा देता है। | 1 |
| 19. | **Assertion (A):** Democracy provides a method to resolve conflict.<br>**Reason (R):** It allows to correct mistakes.<br>(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.<br>(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.<br>(c) A is true but R is false.<br>(d) A is false but R is true.<br><br>**अभिकथन (A):** लोकतंत्र संघर्ष को हल करने का एक तरीका प्रदान करता है।<br>**कारण (R):** यह गलतियों को सुधारने की अनुमति देता है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण हैं।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं हैं।<br>(ग) A सत्य हैं, लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है, लेकिन R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | Match Column I with Column II and choose the correct option?<br>Column I — Column II<br>1. Union List — (A) Computer related matter<br>2. State List — (B) Forest<br>3. Concurrent List — (C) Police<br>4. Subsidiary Matters — (D) Defence<br>Options :<br>(a) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A (b) 1-C, 2-D, 3-B, 4-A<br>(c) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B (d) 1-D, 2-B, 3-C, 4-A<br>कालम I को कालम II से सुमेलित करें और सही विकल्प चुनें।<br>कालम I — कालम II<br>(1) संघ सूची — (A) कंप्यूटर से संबंधित मामले<br>(2) राज्य सूची — (B) वन<br>(3) समवर्ती सूची — (C) पुलिस<br>(4) सहायक मामले — (D) रक्षा<br>विकल्प:<br>(क) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A (ख) 1-C, 2-D, 3-B, 4-A<br>(ग) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B (घ) 1-D, 2-B, 3-C, 4-A | 1 |
| | **Section-B (Very Short Answer Type Questions) (4x2=8)** | |
| 21. | How are the legislative powers divided as per the subjects in the constitution?<br>संविधान में विषयों के अनुसार विधायी शक्तियों का विभाजन किस प्रकार किया गया है? | 2 |
| 22. | What were silk routes?<br>रेशम मार्ग क्या थे?<br>**OR**<br>What was the most powerful weapon of the Spanish conquerors?<br>स्पेनिश विजेताओं का सबसे शक्तिशाली हथियार क्या था? | 2 |
| 23. | How can you classify the energy resources?<br>आप ऊर्जा संसाधनों का वर्गीकरण कैसे कर सकते हैं? | 2 |
| 24. | What is meant by the system of checks and balances?<br>जांच और संतुलन की प्रणाली से क्या अभिप्राय है? | 2 |

| Section-C (Short Answer Type Questions) (5x3=15) | | |
|---|---|---|
| 25. | What were the drawbacks of handwritten manuscripts when compared to printed material?<br>मुद्रित सामग्री की तुलना में हस्तलिखित पांडुलिपियों की क्या कमियाँ थी? | 3 |
| 26. | Distinguish between intermediate goods and final goods.<br>मध्यवर्ती वस्तुओं और अंतिम वस्तुओं के बीच अंतर बताइए। | 3 |
| 27. | What is the meaning of development? Explain the two aspects of development.<br>विकास का अर्थ क्या है? विकास के दो पहलुओं की व्याख्या करें।<br>**OR**<br>Money in your pocket cannot buy all the goods and services that you may need to live well.<br>Justify the 'statement' by giving three suitable examples.<br>आपकी जेब में मौजूद पैसे से आप वो सभी समान और सेवाएँ नहीं खरीद सकते हैं जिनकी आपको अच्छी जिंदगी जीने के लिए जरूरत हो सकती है।<br>तीन 'उपयुक्त' उदाहरण देकर इस कथन को सिद्ध कीजिए। | 3 |
| 28. | What is the status of women's representation in India's legislative bodies?<br>भारत के विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति क्या है? | 3 |
| 29 | The Government of India introduced institutional reforms in the interest of farmers. Justify the statement with examples.<br>भारत सरकार ने किसानों के हित में संस्थागत सुधार पेश किए। उदाहरणों के साथ इस कथन की पुष्टि करें। | 3 |
| **Section-D (Long Answer Type Questions) (4x5=20)** | | |
| 30. | How did the French territory undergo changes due to the Treaty of Vienna in 1815?<br>1815 में वियना की संधि के कारण फ्रांसीसी क्षेत्र में क्या परिवर्तन हुए?<br>**OR**<br>Describe the process of unification of Italy.<br>इटली के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन करें। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| 31. | What does resource planning mean? Why is it essential to have resource planning? Explain with examples.<br>संसाधन नियोजन का क्या अर्थ है? संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है? उदाहरणों के साथ समझाइए।<br>**OR**<br>Explain the characteristics of Black soil.<br>काली मिट्टी की विशेषताओं की व्याख्या करें। | 5 |
| 32. | Describe any five major functions performed by political parties.<br>राजनीतिक दलों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियाँ क्या हैं? किन्हीं पाँच का वर्णन करें।<br>**OR**<br>What are the various challenges faced by political parties? Explain any five.<br>राजनीतिक दलों द्वारा किए जाने वाले किन्हीं पाँच प्रमुख कार्यों का वर्णन करें। | 5 |
| 33. | Why is cheap and affordable credit important for the country's development? Explain with examples.<br>देश के विकास के लिए सस्ता और किफायती ऋण क्यों महत्वपूर्ण है? उदाहरणों के साथ समझाएँ।<br>**OR**<br>"Most of the poor households are still dependent on informal sources of credit." Explain the statement.<br>"अधिकांश गरीब परिवार अभी भी ऋण के अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर हैं।" कथन की व्याख्या करें। | 5 |
| **Section-E (Source-Base Questions) (4x3=12)** | | |
| 34. | Read the source given below and answer the questions that follow:<br><br>The income of the country is the income of all the residents of the country. This gives us the total income of the country. However, for comparison between countries, total income is not such an useful measure. Since, countries have different populations, comparing total income will not tell us what an average person is likely to earn. Are people in one country better off than others in a different country? Hence, we compare the average income which is the total income of the country divided by its total population. The average income is also called per capita income. In World Development Reports, brought out by the World Bank, this classifying countries. Countries with per capita income of US$ 49,300 per annum and above in 2019, are called high income or rich countries and those with per capita income of US$ 2500 or less are called low-income countries. India comes in the category of low middle income countries | |

| | | |
|---|---|---|
| | because its per capita income in 2019 was just US$ 6700 per annum. The rich countries, excluding countries of Middle East and certain other small countries, are generally called developed countries.<br><br>नीचे दिए गए स्रोत पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>किसी देश की आय उस देश के सभी निवासियों की आय है। इससे हमें देश की कुल आल आय ज्ञात होती है। लेकिन देशों के बीच तुलना करने के लिए कुल आय इतना उपयुक्त माप नहीं है। क्योंकि देशों की जनसंख्या अलग-अलग होती है, कुल आय की तुलना में हमें ज्ञात नहीं होगा कि औसत व्यक्ति क्या कमा सकता है? क्या एक देश के लोग दूसरे देश के लोगों से बेहतर हैं? इसलिए, हम औसत आय की तुलना करते हैं, जो कि देश की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर निकाली जाती है। औसत आय को प्रति व्यक्ति आय भी कहते हैं।<br>विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार, देशों का वर्गीकरण करने में इस मापदंड का प्रयोग किया गया है। वे देश जिनकी आय 2019 में प्रतिव्यक्ति आय अमेरिकी डालर 49,300 प्रति वर्ष या उससे अधिक है, उसे समृद्ध अथवा उच्च आय वाले देश और वे देश जिनकी प्रति व्यक्ति आय अमेरिकी डालर 2,500 प्रति वर्ष या उससे कम है, उन्हें निम्न आय वाला देश कहा गया है। भारत मध्य आय वर्ग वाले देशों में आता है क्योंकि उसकी प्रति व्यक्ति आय 2019 में केवल अमेरिकी डालर 6700 प्रति वर्ष थी। समृद्ध देशों, जिनमें मध्य-पूर्व के देश और कुछ अन्य छोटे देश शामिल नहीं है, को आमतौर पर विकसित देश कहा जाता है।<br>(क) राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते हैं? 1<br>(ख) देशों के बीच तुलना करने के लिए कुल आय महत्वपूर्ण मापदंड क्यों नहीं है? 1<br>(ग) विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार समृद्ध देश तथा निम्न आय वाले देश किसे कहा गया है? भारत किन देशों के वर्ग में आता है? 2 | |
| 34.1 | What do you understand by national income?<br>राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते हैं? | 1 |
| 34.2 | Why is total income not an important parameter for comparison between countries?<br>देशों के बीच तुलना करने के लिए कुल आय महत्वपूर्ण मापदंड क्यों नहीं है? | 1 |
| 34.3 | According to the World Bank's World Development Report, which countries are considered rich and which are considered low-income countries? In which category of countries does India fall?<br>विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार समृद्ध देश तथा निम्न आय वाले देश किसे कहा गया है? भारत किन देशों के वर्ग में आता है? | 2 |
| 35. | Read the below given passage carefully and answer the following questions: In recent years, multi-purpose projects and large dams have come under great scrutiny and opposition for a variety of reasons. Regulating and damming of rivers affect their natural flow causing poor sediment flow and excessive sedimentation at the bottom of the reservoir, resulting in rockier stream beds and poorer habitats for the rivers' aquatic life. Dams also fragment rivers making it difficult for aquatic fauna to migrate, especially for spawning. The reservoirs that are created on the floodplains also submerge the existing vegetation and soil leading to its decomposition over a period of time. Multi-purpose projects and large dams have also been the cause of many new social | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | movements like the 'Narmada Bachao Andolan' and the 'Tehri Dam Andolan' etc. Resistance to these projects has primarily been due to the large-scale displacement of local communities. Local people often had to give up their land, livelihood and their meager access and control over resources for the greater good of the nation. So, if the local people are not benefiting from such projects, then who is benefited?<br><br>नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:<br><br>हाल के वर्षों में, बहुउद्देशीय परियोजनाएँ और बड़े बाँध कई कारणों से काफी जांच और विरोध के घेरे में आ गए हैं। नदियों को विनियमित करने और बाँध बनाने से उनका प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित होता है, जिससे तलछट का प्रवाह कम होता है और जलाशय के तल पर अत्यधिक तलछट जम जाती है, जिसके परिणामस्वरूप धाराएँ चट्टानी हो जाती हैं और नदियों के जलीय जीवन के लिए आवास कम हो जाते हैं। बाँध नदियों को भी खंडित कर देते हैं, जिससे जलीय जीवों के लिए पलायन करना मुश्किल हो जाता है, खासकर अंडे देने के लिए। बाढ़ के मैदानों पर बनाए गए जलाशय मौजूदा वनस्पति और मिट्टी को भी डुबो देते हैं, जिससे समय के साथ उनका विघटन होता है। बहुउद्देशीय परियोजनाएँ और बड़े बाँध कई नए सामाजिक आंदोलनों जैसे 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' और 'टिहरी बाँध आंदोलन' आदि का कारण भी रहे हैं। इन परियोजनाओं का विरोध मुख्य रूप से स्थानीय समुदायों के बड़े पैमाने पर विस्थापन के कारण हुआ है। स्थानीय लोगों को अक्सर राष्ट्र की भलाई के लिए अपनी ज़मीन, आजीविका और संसाधनों पर अपनी कम पहुँच और नियंत्रण छोड़ना पड़ता है। तो, अगर स्थानीय लोगों को ऐसी परियोजनाओं से कोई लाभ नहीं मिल रहा है तो फिर किसे लाभ हो रहा है? | |
| 35.1 | What is the main purpose of building dams?<br>बाँध बनाने का मुख्य उद्देश्य क्या है? | 1 |
| 35.2 | Where has the Tehri Dam been built?<br>टिहरी बाँध कहां बनाया गया है? | 1 |
| 35.3 | Explain any two disadvantages of multipurpose river projects.<br>बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं के कोई दो नुकसान बताइए। | 2 |
| 36. | Read the below given passage carefully and answer the following questions:<br><br>Rallies were organized in various cities, workers went on strike in railway workshops, and shops closed down. Alarmed by the popular upsurge, and scared that lines of communication such as the railways and telegraph would be disrupted, the British administration decided to clamp down on nationalists. Local leaders were picked up from Amritsar, and Mahatma Gandhi was barred from entering Delhi. On 10 April, the police in Amritsar fired upon a peaceful procession, provoking widespread attacks on banks, post offices and railway stations. Martial law was imposed and General Dyer took command.On 13 April the infamous Jallianwalla Bagh incident took place. On that day a large crowd gathered in the enclosed ground of Jallianwalla Bagh. Some came to protest against the government's new repressive measures. Others had come to attend the annual Baisakhi fair. Being from outside the city, many villagers were | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | unaware of the martial law that had been imposed. Dyer entered the area, blocked the exit points, and opened fire on the crowd, killing hundreds. His object, as he declared later, was to 'produce a moral effect', to create in the minds of satyagrahis a feeling of terror and awe.<br><br>नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:<br><br>विभिन्न शहरों में रैलियां आयोजित की गई, रेलवे वर्कशॉप में कर्मचारी हड़ताल पर चले गए और दुकानें बंद हो गई। लोकप्रिय विद्रोह से चिंतित और इस डर से कि रेलवे और टेलीग्राफ जैसी संचार लाइनें बाधित हो जाएंगी, ब्रिटिश प्रशासन ने राष्ट्रवादियों पर शिकंजा कसने का फैसला किया। स्थानीय नेताओं को अमृतसर से उठा लिया गया और महात्मा गांधी को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया गया। 10 अप्रैल को, अमृतसर में पुलिस ने एक शांतिपूर्ण जुलूस पर गोलीबारी की, जिससे बैंकों, डाकघरों और रेलवे स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए। मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और जनरल डायर ने कमान संभाली। 13 अप्रैल को कुख्यात जलियाँवाला बाग की घटना हुई। उस दिन जलियाँवाला बाग के संलग्न मैदान में बड़ी भीड़ जमा हुई डायर ने इलाके में प्रवेश किया, निकास द्वारों को अवरुद्ध किया और भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। जैसा कि उसने बाद में घोषित किया, उसका उद्देश्य नैतिक प्रभाव पैदा करना' था, ताकि सत्याग्रहियों के मन में भय और खौफ की भावना पैदा हो। | |
| 36.1 | Why were rallies organized in various cities?<br>विभिन्न शहरों में रैलियां क्यों आयोजित की गई? | 1 |
| 36.2 | Who imposed martial law in Amritsar?<br>अमृतसर में मार्शल लॉ किसने लगाया? | 1 |
| 36.3 | Why did people come to Amritsar? Give two reasons?<br>लोग अमृतसर क्यों आए? दो कारण बताइए। | 2 |
| **Section-F (Map-Base Questions) (2+3=5)** | | |
| 37 (I) | Identify the locations (A) and (B) on the given map:<br><br>(A) A place where the Indian National Congress session was held in December -1920.<br>(B) A place where Peasants Satyagraha was organized against high revenue.<br>दिए गए मानचित्र में स्थान (A) और (B) की पहचान करें:<br>(क) वह स्थान जहां दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।<br>(ख) वह स्थान जहां उच्च राजस्व के विरूद्ध किसानों का सत्याग्रह आयोजित किया गया था। | 2+3=5 |
| (II) | Locate and label any THREE on the Political map of India.<br><br>(i) Singrauli Thermal Power Plant<br>(ii) Pune software technology Park '<br>(iii) Rajiv Gandhi International Airport<br>(iv) Visakhapatnam Seaport<br>भारत के राजनीतिक मानचित्र में किन्हीं तीन स्थानों को ढूंढें और उन पर लेबल लगाएँ।<br>(i) सिंगरौली थर्मल पावर प्लांट<br>(ii) पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क<br>(iii) राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा<br>(iv) विशाखापट्टनम बंदरगाह | |

Map for Q.No. 37 (A) & (B)

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

## Outline Map of India (Political)

